4

अध्याय

वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

वार्षिक रिपोर्ट 2015–16

वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

पिछले दो वर्षों के दौरान योजना के अंतर्गत बजट प्रावधानों तथा व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया हैः–

(करोड़ रू. में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय	सं.अ. के संबंध में व्यय का प्रतिशत
2014-15	550.00	500.00	473.87	94.77
2015-16	551.00	551.00	514.25 (दिसम्बर, 2015 तक)	93.33

- वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान, 550 करोड़ रू. की बजटीय राशि को घटाकर सं.अ. में 500 करोड़ रू. कर दिया गया था, जिसमें से 473.87 करोड़ रू. की राशि का उपयोग किया गया था। अप्रयुक्त 26.13 करोड़ रू. की राशि पूर्वोत्तर क्षेत्र (22.23 करोड़ रू.) के लिए अनिवार्य प्रावधानों के लिए थी। चालू वित्त वर्ष (2015–16) का योजनागत आबंटन 551 करोड़ रू. है। इसमे से 514.25 करोड़ रू. की राशि का जनवरी, 2016 तक उपयोग किया गया हैं जो कुल योजनागत आबंटन का 93.33% है। तथापि एक संतुलित व्यय रूपरेखा के बावजूद, वित्त वर्ष 2016–17 के लिए योजनागत आबंटन को 300.00 करोड़ रू. से कम किया गया है।

- 61.00 करोड़ रू. का गैर–योजनागत बजट (2016–17) मुख्यतः सचिवालय (आर्थिक सेवाओं), कोयला नियंत्रक संगठन, कोयला खान पेंशन योजना, 1998 के अधीन सांविधिक रूप से अपेक्षित सरकारी अंशदानों के भुगतान तथा कोयला ब्लॉकों के आबंटन के लिए नियुक्त किए गए नए नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए अपेक्षित निधियों के लिए हैं।

कोयला पीएसयू का वार्षिक योजना (2016–17) घटक 16343.92 करोड़ रू. है, जिसकी व्यवस्था आंतरिक तथा अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से की जानी है। पीएसयू–वार बजट आबंटन और व्यय का विस्तृत ब्यौरा नीचे दिया गया हैः

(करोड़ रू. में)

पीएसयू का नाम	2014–15			2015–16			2016–17
	ब.अ.	सं.अ.	व्यय	ब.अ.	सं.अ.	व्यय (दिस. 15 तक)	ब.अ.
सीआईएल	5225.00	5225.00	5173.49	5990.50	6800.00	3334.04	7765.00
एनएलसी	2936.00	2520.00	1969.76	4205.00	2963.00	1687.24	6278.92
एससीसीएल	3850.00	3760.00	2809.00	2390.00	3550.00	1134.85	2300.00
कुल	12011.00	11505.00	9952.25	12585.50	13313.00	6156.13	16343.92



➢ चालू वित्त वर्ष 2016–17 के लिए स्कीम–वार योजनागत तथा गैर–योजनागत आबंटनों और पीएसयू की आईईबीआर व्यवस्था का ब्यौरा नीचे दिया गया हैं:–

तालिका संख्या 2.3 (करोड़ रू. में)

क्रम.सं	स्कीम / कार्यक्रम का नाम	योजना	गैर योजना	* आईईबीआर
1.	सचिवालय आर्थिक सेवाएँ	0.00	23.41	0.00
2.	सीएमपीएफओ के प्रशासनिक प्रभारों की आंशिक प्रतिपूर्ति सहित कोयला खान पेंशन योजनाएं, 1998 (सीएमपीएस 98)	0.00	23.00	0.00
3.	कोयला नियंत्रक संगठन	0.00	09.63	0.00
4.	नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	0.00	04.96	0.00
5.	कोयला खानों में संरक्षण और सुरक्षा	80.00	00.00	0.00

क्रम.सं	स्कीम/कार्यक्रम का नाम	योजना	गैर योजना	* आईईबीआर
6.	कोलफील्ड क्षेत्रों में परिवहन अवसंरचना का विकास	70.00	00.00	0.00
7.	अनुसंधान एवं विकासकार्यक्रम	10.00	0.00	0.00
8.	कोयला तथा लिग्नाइट का क्षेत्रीय अन्वेषण	50.00	0.00	0.00
9.	पर्यावरणीय उपाय तथा धंसाव नियंत्रण	0.50	0.00	0.00
10.	गैर–सीआईएल ब्लाकों में विस्तृत अन्वेषण	89.50	0.00	0.00
11.	कोयलाधारी क्षेत्रों के अधिग्रहण के लिए मुआवजे का भुगतान	0.00	1100.00	0.00
12.	सार्वजनिक उद्यम में निवेश	0.00	0.00	16343.92 [सीआईएल = 7765.00 एससीसीएल = 2300.00 एनएलसी = 6278.92]
13.	कुल	300.00	61.00	16343.92

पीएसयू द्वारा अपने आंतरिक तथा अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (आईईबीआर) से कार्यान्वित की गई परियोजनाएं।

इन परियोजनाओं का कार्यान्वयन कोयला पीएसयू द्वारा अपने निजी आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (आईईबीआर) का उपयोग करके किया जाता है। 100.00 करोड़ रू. तथा उससे अधिक की लागत वाली परियोजनाओं की कंपनी–वार और परियोजना–वार स्थिति दर्शाने वाला विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

लेखा परीक्षा पैरा

रिपोर्ट सं. 2015 की 21 के लेखा परीक्षा पैरा सं. 3.3 की वर्तमान स्थिति अनुबंध–II में दी गई।